

# 10 सेकंड में ढही वैशाली किराना की 4 मंजिला इमारत

## तीन पुलिया फ्लाईओवर में बन रही थी बाधा

**खंडवा।** शहर में तीन पुलिया ओवरब्रिज निर्माण और स्टेशन रोड चौड़ीकरण की राह में बाधा बन रही चार दुकानों पर मंगलवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। पोकलेन और जेसीबी मशीनों की मदद से की गई इस कार्रवाई में महज 10 सेकंड के भीतर वैशाली किराना की चार मंजिला इमारत भर-भराकर गिर गई। सुरक्षा की दृष्टि से कार्रवाई के दौरान करीब एक घंटे तक यातायात रोका गया, जिसके चलते मार्ग पर लंबा जाम लगा रहा। इस दौरान मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर सहित प्रशासन और नगर निगम के आला अधिकारी मौजूद रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर ने बताया कि इन चार दुकानों को खाली करने के लिए पूर्व में कुछ समय की मोहलत दी गई थी। मियाद पूरी होने के बाद आज इन्हें ढहा दिया गया। तोड़ी गई इमारतों में एक चार मंजिला, दो तीन मंजिला और एक दो मंजिला बिल्डिंग शामिल थी। गौरतलब है कि रेलवे की ओर स्थित इन दुकानों को नगर निगम द्वारा निर्मित कर करीब 20 साल पहले आवंटित किया गया था। लोगों के पास स्थायी लीज थी, जिसके चलते प्रशासन ने जमीन के बदले जमीन की नीति के तहत इन दुकानदारों को भंडारिया रोड पर विस्थापित किया है। स्टेशन रोड की अधिकांश दुकानों को पहले ही हटाकर प्रस्तावित सर्विस रोड का निर्माण किया जा चुका है। लंबे समय से स्टेशन रोड पर कारोबार कर रहे व्यापारी अपनी आंखों के सामने दुकानों को गिरता देख भावुक हो गए। इमारत के ढहते ही वैशाली किराना के संचालक, अन्य दुकानदारों और उनके परिजनों के आंसू छलक पड़े। मौके पर मौजूद उनके दोस्तों और परिचितों ने रोते हुए व्यापारियों को ढांढस बंधाया। वहीं, इस भारी भरकम कार्रवाई को देखकर आसपास के अन्य व्यापारियों में भी अपने व्यापार को लेकर भारी चिंता देखी गई। घबराए हुए कई व्यापारियों ने मौके पर मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट से अपने भविष्य को लेकर सवाल किए और पूछा कि क्या आने वाले समय में उनकी दुकानें भी तोड़ी जाएंगी।



# डंपर चालक से वसूली करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** सनावद-पुनासा रोड पर डंपर चालक को रोककर रंगदारी दिखाने, पैसे मांगने और मारपीट कर डंपर के कांच फोड़ने वाले तीन आरोपियों को धनगांव पुलिस ने घटना के कुछ घंटों में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस अनुसार 13 जुलाई को पिपरीखेड़ा निवासी सावन भिलाला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि हाथिया बाबा के पास तीन युवकों ने मोटरसाइकिल लगाकर उसका रास्ता रोका और जबरन पैसे मांगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज, मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी और पत्थर मारकर डंपर के कांच तोड़ दिए। प्रकरण दर्ज कर धनगांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पियूष राठौर, आकाश वादे और वसीम उर्फ मोहसीन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवराम जमरा, उपनिरीक्षक जॉन बारिया तथा पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आज से शुरू होगा नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** नशामुक्त भारत के लक्ष्य को लेकर खंडवा पुलिस 15 से 30 जुलाई तक जिलेभर में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पुलिस विभाग ने बताया कि अभियान का शुभारंभ 15 जुलाई को मीडिया ब्रीफिंग, जागरूकता रैली, ड्रग अवेयरनेस रन, पंपलेट वितरण और नशामुक्ति शपथ के साथ होगा। इसके बाद स्कूल-कॉलेजों में रील, शॉर्ट फिल्म, व्याख्यान, चित्रकला, निबंध, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा नशे की लत से प्रभावित लोगों और उनके परिवारों को परामर्श एवं पुनर्वास संबंधी जानकारी भी दी जाएगी।

अभियान के दौरान ऑटो और सार्वजनिक परिवहन वाहनों पर पोस्टर लगाए जाएंगे, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला, सोशल मीडिया अभियान और एलईडी स्क्रीन पर जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, आबकारी, वन, न्याय, नगरीय निकाय, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न शासकीय विभाग, सामाजिक संगठन, व्यापारी, एनजीओ और जनप्रतिनिधि भी इसमें सहभागी बनेंगे।

# डॉ . सीवी रामन विश्वविद्यालय में 51 पौधों का रोपण, हरित परिसर का संकल्प

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ परिसर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से डॉ सीवी रामन विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को भव्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 51 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर परिसर को और अधिक हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने का संकल्प लिया गया। यह कार्यक्रम अभिजीत सोशल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से आयोजित किया गया। संस्था सामाजिक, शैक्षणिक तथा बालिका शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। संस्था की अध्यक्षा श्रीमती शर्मिष्ठा तोमर एवं सचिव श्री छत्रपाल सिंह तोमर ने बताया कि उनके पुत्र स्वर्गीय अभिजीत सिंह तोमर की 37वीं जन्म स्मृति में अभिजीत उद्भव अभियान के अंतर्गत इस वर्ष विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा हरित भविष्य की दिशा में सकारात्मक पहल करना है।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरुण जोशी, कुलसचिव रवि चतुर्वेदी एवं गीतिका चतुर्वेदी की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर डीन डॉ योगेश महाजन, डॉ सीमा शर्मा, नेहा शुक्ला, दिनेश मिमरोट, सहायक कुलसचिव अशोक चंद्रावत, ज्योति चतुर्वेदी, दुर्गेश चतुर्वेदी सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया।संस्था की ओर से अमित गुप्ता, अनिता चौहान एवं मीनू तोमर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और सामाजिक सहभागिता का प्रेरक संदेश दिया गया।



# प्रभारी मंत्री लोधी आज खंडवा दौरे पर

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी बुधवार को जिले के दौरे पर रहेंगे। वे विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ करेंगे तथा जिला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी लेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रभारी मंत्री मंगलवार शाम पांच बजे भोपाल से रवाना होकर रात साढ़े आठ बजे नर्मदानगर पहुंचेंगे और एनएचडीसी गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे।बुधवार को वे सुबह साढ़े नौ बजे मूंदी में सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर बारह बजे मूंदी से रवाना होकर बारह बजकर पैंतालीस मिनट पर सर्किट हाउस में जिला कोर कमेटी की बैठक लेंगे। दोपहर दो बजे अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे। दोपहर तीन बजकर चालीस मिनट पर रामेश्वर कुंड में विकास कार्यों के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद शाम पांच बजे एबीवीपी के निर्माणाधीन कार्यालय भवन का अवलोकन करेंगे।



# 8 .63 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन आज

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में विकास कार्यों का ब्योरा

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** शहर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए 8 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन बुधवार को किया जाएगा। कार्यक्रम से पहले मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपीं।

भूमिपूजन के तहत रामेश्वर कुंड, पदम कुंड और राजा हरिश्चंद्र मुक्तिधाम के विकास कार्यों की शुरुआत होगी। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह, जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक कंचन मुकेश तनवे, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, महापौर अमृता अमर यादव सहित जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। इससे पहले होटल दिल्ली दरबार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक कंचन तनवे ने शहर में स्वीकृत करोड़ों के विकास कार्यों की जानकारी दी। धार्मिक स्थलों के विकास के साथ सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, अधोसंरचना और अन्य जनहित के कार्यों पर भी तेजी से काम किया जा रहा है। पत्रकारों द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, अधूरी परियोजनाओं और शहर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर पूछे गए सवालों का भी उन्होंने जवाब दिया। सभी विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जा रहे हैं और जनता से जुड़े मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है।




# टिटगांव के अरविंद बलहोने बने सहायक प्राध्यापक

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले के ग्राम टिटगांव निवासी अरविंद बलहोने का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग में सहायक प्राध्यापक (रसायन शास्त्र) के पद पर हुआ है। उनकी सफलता को ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि अरविंद ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव में प्राप्त की। सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने पढ़ाई जारी रखी। इस दौरान उनके पिता स्वर्गीय नानकराम का निधन भी हो गया, लेकिन उन्होंने विपरीत परिस्थितियों के सामने हार नहीं मानी और अपने लक्ष्य की ओर लगातार प्रयास करते रहे। उच्च शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने खंडवा के आनंद नगर स्थित सीएम राइज स्कूल में उच्च माध्यमिक शिक्षक के रूप में सेवाएं दीं। नौकरी के साथ-साथ उन्होंने एमपीपीएससी की तैयारी जारी रखी और आखिरकार सहायक प्राध्यापक (रसायन शास्त्र) के पद पर चयनित हुए। वर्तमान में वे शासकीय महाविद्यालय गुड़ी, जिला खंडवा में पदस्थ हैं। अरविंद बलहोने ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता, स्वर्गीय पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों को दिया है।



# ई-अटेंडेंस लगाकर गायब हुए माटसाब डीईओ ने कर दिया सस्पेंड

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित दल की जांच में दो शिक्षक स्कूल से नदारद मिले, जिनमें से एक को तत्कालसे निलंबित कर दिया गया है।

जांच के दौरान प्राथमिक शाला निशानिया के शिक्षक शेरसिंह मौर्य ई-अटेंडेंस लगाने के बाद स्कूल से गायब मिले थे, जिस पर डीईओ ने सख्त कदम उठाते हुए उन्हें तुरंत सस्पेंड कर दिया। इसके अलावा, निरीक्षण में पीएम श्री स्कूल सुलगांव के प्रधान पाठक सुधीर उइके भी अनुपस्थित पाए गए। विभाग द्वारा प्रधान पाठक उइके के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी बलवंत पटेल ने कहा कि स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति और शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# कन्या महाविद्यालय में बनेगी क्रिकेट पिच और खो-खो ग्राउंड

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** शासकीय माखनलाल चतुर्वेदी स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में छात्राओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई अहम निर्णय लिए गए।

महाविद्यालय परिसर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लॉन्ग जम्प पिट तथा खो-खो ग्राउंड तैयार कराने के लिए एक लाख रुपए एवं क्रिकेट पिच और नेट के लिए दो लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही महाविद्यालय के पुराने भवन में विद्युत फिटिंग तथा नए पैनल लगवाने की आवश्यकता को देखते हुए समिति ने सर्वसम्मति से दो लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।बैठक के दौरान प्राचार्य डॉ विनय जैन ने महाविद्यालय के दोनों भवनों के बीच शेड निर्माण और परिसर की अधूरी बाउंड्रीवॉल का मुद्दा भी उठाया।

इस पर कलेक्टर गुप्ता ने लोक निर्माण विभाग को इन दोनों कार्यों का प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्राचार्य डॉ. जैन और प्राध्यापक डॉ. मनु श्राफ सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# दृष्टिबाधित छात्रों को एआई तकनीक की दी जानकारी

**खंडवा।** निमाड़ अंचल नेत्रहीन संघ के गणेश तलाई स्थित सभागार में एनेबल इंडिया और एमपीडब्ल्यूएबी कॉलेज ऑफ हेल्थ इंडिया के सहयोग से दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय तकनीकी एवं करियर मार्गदर्शन कार्यशाला की गई। प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीक और रोजगार के अवसरों से परिचित कराया गया।

कार्यशाला में स्मार्ट ग्लासेस, स्मार्ट पेन, टॉकिंग एवं ट्रैकिंग कैलकुलेटर सहित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सहायक उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही गूगल साइट, यूआई और विंडोज़ जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म की उपयोगिता तथा शिक्षा और रोजगार में इनके इस्तेमाल की जानकारी दी गई।इंदौर से आए प्रशिक्षक नीरज सेन और सुरेंद्र बनाइन ने प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीक, डिजिटल संसाधनों और रोजगार के अवसरों पर प्रशिक्षण दिया। निमाड़ अंचल नेत्रहीन संघ के संस्थापक सचिव नंदराम अवचे, लोकेश अवचे, पीयूष अवचे, दीपेश अवचे, दिलीप पाल सहित संस्था के सदस्य और अन्य मौजूद रहे।

# उद्योग विभाग की दो दिवसीय कार्यशाला आज से

**खंडवा।** एमएसएमई वभाग द्वारा मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम के सहयोग से रैम्प योजना के तहत खण्डवा में 2 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र मनोज रावत ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को समग्र रूप से सुदृढ़ बनाने तथा उद्यमिता विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कम्पोजिट तकनीक एवं प्रबंधन विषय पर केन्द्रित यह कार्यशाला होटल सेलिब्रेशन ग्रीन में 15 एवं 16 जुलाई को प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगी।

# मंत्री डॉ . विजय शाह छैगांवमाखन और फेफरी सरकार में विकास कार्यों का करेंगे उद्घाटन

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा।** प्रदेश सरकार की जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह 15 जुलाई को छैगांवमाखन, फेफरी सरकार एवं खण्डवा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर शुभारम्भ करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री डॉ. विजय शाह 15 जुलाई को प्रात: 10 बजे खण्डवा से फेफरी सरकार के लिये प्रस्थान करेंगे तथा प्रात: 11:30 बजे फेफरी सरकार में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण कर विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन में शामिल होंगे। मंत्री डॉ. शाह दोपहर 1:30 बजे फेफरी सरकार से खण्डवा के लिए प्रस्थान कर दोपहर 3:30 बजे नगर निगम खण्डवा अंतर्गत मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से रामेश्वर कुण्ड एवं पदमकुण्ड सहित विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद मंत्री डॉ. विजय शाह दोपहर 4:30 बजे खण्डवा से प्रस्थान कर शाम 5:15 बजे छैगांवमाखन पहुंचेंगे, तथा वहां जनजातीय कार्य विभाग द्वारा निर्मित सीनियर जनजातीय बालक छात्रावास भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद मंत्री डॉ. शाह सांय 6:30 बजे छैगांवमाखन से खण्डवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जनसुनवाई में पेंशन, सहायता, अवैध शराब की शिकायतें

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में पेंशन, आर्थिक सहायता, अवैध शराब बिक्री सहित विभिन्न मामलों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए।खालवा विकासखंड के शासकीय माध्यमिक विद्यालय मोहान्याखेड़ा के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक देवीलाल बघेल ने बताया कि सेवानिवृत्ति के एक वर्ष बाद भी उनका पेंशन प्रकरण तैयार नहीं हुआ है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त को तत्काल पेंशन प्रकरण तैयार कर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने तथा शीघ्र पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में सराय पिपलोद निवासी अर्जुन सिंह ने सड़क दुर्घटना में अपनी मां की मृत्यु के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने का उल्लेख करते हुए शासन की किसी योजना के तहत आर्थिक सहायता दिलाने का अनुरोध किया। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को पात्रता के आधार पर शासन की योजनाओं से सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

ग्राम सिंगोट राजगढ़ की संयुक्त महिला समिति की सदस्याओं ने गांव में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग कर आवेदन दिया। कलेक्टर ने जिला आबकारी अधिकारी को तत्काल जांच कर अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करने और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित अन्य आवेदन भी प्राप्त हुए। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता के साथ परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

